
**सार-समाचार**

## सावों की धूम से बाजार गुलजार



**डूंगरपुर, (निसं)।** आगामी दिनों में होने वाले सावों को लेकर इन दिनों बाजारों में विभिन्न प्रतिष्ठानों पर खरीददारों का जमावडा लगा हुआ है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों से पूर्व में जनजाति लोग जो समुह के रूप में गीत गाते हुए आते थे। उन पारम्परिक लोक गीतों की स्वर लहरियां अब नहीं सुनाई देती है। हालांकि दुल्हा-दुल्हन की ओर से खरीददारी करने पूर्व की भांति ही आना जारी है। अक्षय तृतीया व इससे पूर्व होने वाले विवाह समारोह को लेकर बारातों की बसें, भौज के लिए टेन्ट, रसौईयो, बेण्ड बाजों आदि के दामों में सावों की अधिकता को देखते हुए अचानक बढ गये है यही नही शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी वाटिकाएं आरक्षित हो गई है। जिसके चलते कई परिवार तो अपने घरों के आगे ही टेन्ट लगाकर शादी समारोह कर रहे है। सावों को लेकर इन दिनों सोने चांदी के व्यापारियों, कपडा व्यवसायियों, बर्तन,कोस्मेटिक व दुल्हा-दुल्हन के उम्दा परिधानों की दुकानों पर भीड देखी जा सकती है। दुल्हन को भेंट स्वरूप दिये जाने वाले विभिन्न प्रकार के फर्नीचरों की दुकानों पर भी भीड लगी हुई है। सावों के कारण शहर में अल सुबह के साथ ही खरीददारों की भीड बाजार पहुंच जाती है। जिसके चलते शीतल पेय पदार्थो की भीषण गर्मी के कारण बिक्री बढ गई है। हालांकि इस वर्ष सोने चांदी के भावों में अत्यधिक उछाल के कारण कई परिवार अपनी हैसियत के अनुरूप निर्धारित राशि या तो नकद या फिर एफडीआर के रूप में देने को मजबुर है। तथा प्रतिक के रूप में दुल्हन को कन्यादान के रूप दे रहे है। इधर अक्षय तृतीया पर बाल विवाह न हो इसके लिए भी व्यापक स्तर पर निगरानी रखी जा रही है।

## फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना क्षेत्र के झिंझवा गांव में एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला है। घटना के बाद सनसनी फैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। पिता ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।बिछीवाडा थाना पुलिस के अनुसार राजनगर खेडाघाटी नया गांव उदयपुर निवासी शंकर पुत्र नाना खराडी ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी प्रियंका उर्फ संगीता की शादी 6 साल पहले गोपाल पुत्र नाथाजी कलासुआ निवासी झिंझवा बिछीवाडा के साथ करवाई थी। शादी के बाद आरोपी उसके साथ मारपीट करने लगा और जान से मारने की धमकियां देता था। पति ने हत्या कर उसके शव को फंदे से लटका दिया,जिससे आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। पिता शंकर ने बताया कि उसकी बेटी को मारा गया है। इस वजह से उसके शरीर पर कई जगह चोंट लगी है। पिता ने यह भी बताया की 12 अप्रैल को बेटी के ससुराल गया था। उस दिन भी उसे घर में बंद कर मारपीट की गई थी। मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विद्यार्थियों ने जानी भविष्य की संभावनाएं



**बांसवाड़ा, (निसं)।** लीयो इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित केरियर सेमीनार में विद्यार्थियों को कैरियर विकल्प व कोर्स के बारे में विशेषज्ञों ने जानकारी दी। लीयो इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक मनीष त्रिवेदी ने बताया कि लीयो स्कूल कैंपस के कॉन्फ्रेंस हॉल में 10 वीं और 12वी की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। सेमीनार में विद्यार्थियों को कला, विज्ञान, वाणिज्य व आईटी सेक्टर में उपलब्ध वैकल्पिक करियर ऑप्शन के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही व्यक्तिगत परामर्श के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओ का समाधान किया। प्रारम्भ में संस्थान निदेशक त्रिवेदी और प्रधानाध्यापक उन्नीकृष्णन पिल्लई ने नेसेंट एजुकेशनल सर्विसेज जयपुर के संस्थापक रजनीश व्यास का स्वागत किया। इसके उपरान्त विषयाध्यापक डॉ शिल्पा त्रिवेदी, डॉ ललित पाल चौधरी, रश्मी वाधवानी, विक्रम शाक्यवंशी, राजेश सिंह, गोमती सिंघल, राजपाल सिंह ने विद्यार्थियो को मार्गदर्शन दिया। नेसेंट एजुकेशनल सर्विसेज के संस्थापक रजनीश व्यास ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि आईटी मुल्यांकन प्रक्रिया से बच्चे अपने लिए संभावित कैरियर पथों की पहचान कर अपनी रुचियों, इच्छाओं और शक्तियों को समझ कर संभावित कैरियर, शैक्षिक आवश्यकताओं और नौकरी के रुझानों को जान सके। काउंसलिग में भाग लेने के लिए अभिभावक अपने बच्चों के साथ तय समय से पुर्व विद्यालय में पहुंचे और अपना पंजीयन करवाया।

# डबल इंजन की सरकार डबल काम करेगी : विधायक राठौड़

**राजसमंद, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड़ और कुंभलगढ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड ने प्रातः 8:30 बजे से कुंभलगढ विधानसभा की कालिंजर पंचायत से जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। कालिंजर, कोयल, गजपुर और अंटालिया में

- **पीएम मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करना ही एकमात्र लक्ष्य : महिमा कुमारी मेवाड**
- **कुंभलगढ की एक दर्जन से अधिक पंचायतों में किया जनसंपर्क**



**महिमा कुमारी मेवाड ने जनसम्पर्क के दौरान जनसभा को सम्बोधित किया।**

आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी महिमा कुमारी मेवाड ने कहा कि पीएम मोदी के 1० साल के कठोर परिश्रम का सही परिणाम अब आएगा। हमें उस व्यक्ति का साथ निभाना है, जिसने दिन रात एक करके इस देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। आज पूरे विश्व की निगाहें भारत पर लगी हैं कि भारत कैसे निती नए विकास के शिखर को छू रहा है। महिमा कुमारी ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 में विकसित भारत का जो सपना देखा है, उस सपने को साकार करना ही एक मात्र लक्ष्य है। यह सपना हम तभी साकार कर सकते हैं जब 26 तारीख को होने वाले मतदान में हम सभी लोग भाजपा के पक्ष में मतदान करते हुए कमल खिलाएंगे। मेवाड की हर चीज ऐतिहासिक है, इसलिए जीत भी ऐतिहासिक होनी चाहिए। कुंभलगढ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में राज्य में कांग्रेस की सरकार होने के कारण क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया।

जो भी विकास हुआ वो केंद्र सरकार ने कराया था। लेकिन अब राज्य में भाजपा की सरकार है और केंद्र में भी वापस मोदी सरकार आ रही है। राठौड ने जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपके वोट से डबल इंजन की सरकार डबल काम करेगी। महिमा कुमारी जो के साथ मिलकर काम करेंगे और अब विकास की कोई कमी नहीं रहेगी। महिमा कुमारी और विधायक राठौड ने सुखार, रिछेड, थुरावड, खरनोटा, लाम्बोडी, उमरवास, सेवंत्री, मानावतों का गुडा, झीलवाडा, साथिया, टाडावाडा गुजरान, जनावद और धानीन में जनसंपर्क कर भाजपा को जिताने की अपील की।

## मतदाता पर्ची व मार्गदर्शिका वितरण

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले में रविवार को सभी मतदान केन्द्रों पर 'आओ बूथ चलो अभियान' के तहत मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका वितरण किया गया। लोकसभा आम चुनाव-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिले के 1026 मतदान केन्द्रों पर 'आओ बूथ चले अभियान' के तहत मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित कुमार सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता पर्ची (वोटर स्लिप) एवं मार्गदर्शिका (वोटर गाइड) का वितरण के लिए आओ बूथ चलें अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आओ बूथ चले अभियान के दौरान मतदान केंद्र के साथ मतदाताओं के घर-घर जाकर भी मतदाता पर्चियों और मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। रविवार को जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2 लाख 19 हजार 822 मतदाता पर्चियों और 70589 मार्गदर्शिका का वितरण किया।

# सामाजिक समरसता दिवस व सम्मान समारोह मनाया

**मंडफिया, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा भदेसर के उपशाखाभदेसर अध्यक्ष सुनील भारद्वाज ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस एवं नवनियुक्त शिक्षकों का सम्मान समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडफिया में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि तेजपाल सिंह शक्तावत अध्यक्ष राजस्थान शिक्षा संघ राष्ट्रीय जिला चित्तौड़गढ, मुख्य वक्ता तेजकरण शर्मा प्रधानाचार्य राउमावि पोटलां कलां, विशिष्ट अतिथिमहावीर प्रसाद तूनवाल प्रधानाचार्य राउमावि कूथना, विशिष्ट अतिथि दिनेश बैरवा प्रधानाचार्य मंडफिया, विशिष्ट अतिथि रेखा राजवंशी प्रधानाचार्य आकोला कला, अध्यक्षता सुनील भारद्वाज अध्यक्ष उप शाखा भदेसर, शंकर लाल भांभी मंत्री उप शाखा भदेसर, तृप्ति तिवारी महिला मंत्री, नरेंद्र सिंह शक्तावत उप प्राचार्य मंडफिया, अनीता साहू उपाध्यक्ष महिला, भैरूलाल शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजमल जाट उपाध्यक्ष, दिनेश चौधरी जिला कार्यकारिणी सदस्य, प्रमिला कृष्णिया, राहुल शर्मा जिला महासमिति सदस्य, बाबूलाल रेगर, हेमलता रेगर, मुकेश चंद जाट, भैरूलाल लोहार, माधो सिंह मीणा, गिरीजेश शर्मा, हरिप्रसाद मीणा, आरती तिवारी, लाल मोहम्मद, सुनील कुमार राय, नवनियुक्त शिक्षको में गोपाल जाट, नेहा गुप्ता, इलमास, पाठक ज्योति कुमारी, हिना बानो, सुमित्रा जाट, किशन लाल गुर्जर, रवि कुमार बैरवा, संपत ढोली, बुद्धि प्रकाश मेरोठा, लोकेश गुर्जर, कैलाश चंद गाडरी, पलपल जैन, आदि उपस्थित रहे।



**भीमराव अंबेडकर जयंती पर सामाजिक समरसता दिवस एवं नवनियुक्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ।**

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने जिले में पेयजल वितरण में ओर अधिक सुधार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जल स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जल वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए दिए।

उन्होंने कहा कि जल वितरण व्यवस्था में पहले की तुलना में सुधार हुआ है, परंतु ओर अधिक सुधार की अपेक्षा है। उन्होंने अधिकारियों से आमजन से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के बारें में चर्चा करते हुए पाबंद किया कि जल वितरण एक निर्धारित समय पर ही हो, अलग-अलग समय पर जल वितरण होने से आमजन को परेशानी होती है। इसलिए जल वितरण का एक समय निर्धारित किया जाएं। साथ ही जितने समय के लिए भी जल वितरण किया जा रहा है, उसमें निर्धारित समय तक दबाव के साथ जल वितरण किया जाएं। बैठक में उन्होंने पीएचईडी विभाग के तहत प्रगतिरत ग्रीष्मकालीन आकस्मिक कार्यो की जानकारी ली। जिस पर अधिकारी ने चार में से तीन कार्य पूर्ण होने तथा एक के प्रगतिवरत होने की जानकारी दी।

जिला कलक्टर सिंह ने अधिकारियों को पाबंद किया कि पानी को लेकर कोई प्रकरण नहीं होना चाहिए। बैठक में संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरण की भी समीक्षा की गई। जिसमें छह माह तथा उससे अधिक समय के लंबित प्रकरणों की तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा उन्हें शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारी को पाबंद किया। बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, काऑपरेटिव, वन विभाग, शिक्षा विभाग तथा पीएचडी विभाग के अधिक समय से लंबित प्रकरण की तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए निस्तारण के दिशा निर्देश प्रदान किए।

**सार-समाचार**

## अगरबत्ती व धूपबत्ती बनाना सीखा



**देवगढ़, (निसं)।** जनविकास संस्थान एवं अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में सुकून परियोजना का संचालन किया जा रहा है। संचालन के तहत उमरवास एवं दिवेर पंचायत में महिलाओ एवं किशोरियों के साथ दो दिवसीय रुचि अधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में महिलाओ एवं किशोरियों को अगरबत्ती एवं धुपबत्ती बनाना सिखाया गया प्रशिक्षण में लगभग 65 महिलाओ एवं किशोरियों ने भाग लिया गया।परियोजना प्रभारी अनिता वैरागी ने बताया कि परियोजना के तहत दिवेर एवं उमरवास पंचायत के पांच -पांच गाँवो में कार्य महिलाओ एवं किशोरियों के साथ महिला हिंसा एवं किशोरी सशक्तिकरण को लेकर महिलाओ एवं किशोरियों को कानून के प्रति जागरूक करना एवं उन्हें आजीविका संवर्धन हेतु प्रेरित करना एवं महिलाओ के साथ रोजगार से जुड़े प्रशिक्षण प्रदान करना जिससे उन्हें घरेलु स्तर पर ही रोजगार प्रदान हो सके ।प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन संध्या कश्यप द्वारा महिलाओ को घरेलु सामान जैसे सुहे फुल ,नारियल के छिलके एवं गे के गोबर से अगरबत्ती निर्माण करना सिखाया गया जो आसानी से घर पर उपलब्ध हो जाता है इसी केसाथ महिलाओ को अन्य सामग्री जो बाजार से खरीद कर बनाने के तरीके है उसके बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## मतदाता जागरूकता दिया संदेश

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित आलोक स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 6 से 8वीं में पोस्टर मेकिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी भावना व कल्पना शक्ति के बल पर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। प्राचार्य ललित गोस्वामी ने बताया कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बच्चों ने पोस्टर मेकिंग में अपनी तूलिका व रंगों के संयोजन से आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अपना मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करने का आ ान किया व साथ ही मतदान से जुडे स्लोगन लिखकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश भी दिया। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने पर निदेशक डॉ प्रदीप कुमावत,प्राचार्य ललित गोस्वामी व सहायक प्रशासक ध व कुमावत ने बधाई देकर उनका हौंसला बढाया।

## रक्तदान शिविर आयोजित

**डूंगरपुर, (निसं)।**भारत रत्न महामानव बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में संपूर्ण मानव समाज द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर श्री हरिदेव जोशी सामान्य चिकित्सालय डूंगरपुर में आयोजन किया गया। जिसमें 40 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल मय पुलिस कर्मी सहित लोकपाल सुखदेव यादव द्वारा रक्तदान कर मेडिकल स्टूडेंट ओर युवाओं को प्रोत्साहित किया। हॉस्टीपल विभाग की टीम डॉ. प्रवीण बैरवा, ब्लड बैंक प्रभारी मोहनलाल यादव, पूनम राठौड, निलेश गमेती, शिवलाल यादव, हितेश नाई, देवीलाल वार्ड बॉय ने सेवाए दी।

## स्कूल में आया आठ फीट लंबा रेड स्नेक

**राजसमंद, (निसं)।** जिले के लोढियाना वाडा स्कूल में सोमवार सवेरे कमरे में 8फीट लंबा रेड स्नेक प्रजाति का सांप आ गया, जिसे देखकर स्कूली बच्चें व स्टॉफ कर्मचारी डर गए। इसकी सूचना उन्होंने ग्रामीणों को दी। जिस पर कांस्टेबल रोशनलाल पन्नावत स्कूल पहुंचे। उन्होंने सांप को कमरे में ही बंद करते हुए इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पर जिले से वन विभाग के पन्नालाल कुमावत और टीम मौके पर पहुंची। मौके पर देखा तो 8 फीट लंबा रेड स्नेक प्रजाति का सांप कमरे में बैठा हुआ था। ऐसे में उसका रेस्क्यू किया गया एवं थैली में डालकर उसको सुरक्षित रूप से जंगल में छोड दिया। बाद में स्कूल प्रशासन के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

## ललित जैन निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर सोमवार को श्री द्वारकेश कॉलोनी विकास समिति आसोटिया की कार्यकारिणी में ललित जैन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। अध्यक्ष ललित जैन ने अपनी कार्यकारिणी का गठन करते हुए मुख्य संरक्षक कमल किशोर व्यास, संरक्षक शान्तिलाल सोनी, बृजेश गुर्जर, दिनेश वासु, ओमप्रकाश व्यास, श्यामलाल यादव, महामंत्री हेमन्त गुर्जर, उपाध्यक्ष अविचल गोस्वामी, अरूण जैन, सचिव पुष्पेन्द्र डोडिया, कोषाध्यक्ष महेन्द्र वासु, प्रशासनिक कार्य प्रकोष्ठ ख्यालीलाल दाधीच, निरंजन सोनी, सांस्कृतिक व खेल प्रकोष्ठ गोपाल टेलर, ओमप्रकाश व्यास, प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ दीपक सेन, डॉ अनिल लौहार, नरेन्द्र वासु, अत्री देवी, कार्यक्रम में व्यवस्था प्रकोष्ठ में अर्जुनसिंह सांखला, विजय आमेटा, भोलीराम लौहार, हरिसिंह, दुर्गासिंह, अमरचन्द लौहार व राजेश माहेश्वरी आदि को मनोनीत किया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत व निष्पक्ष मतदान की शपथ ली

**कपासन, (निसं)।** भारत विकास परिषद का हुआ दायित्व ग्रहण समारोह. अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच सहित कार्यकारिणी ने दायित्व ग्रहण किया।

प्रवक्ता कैलाश गर्ग ने बताया कि वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी के दायित्व ठाहण समारोह के मुख्य अतिथि डा. जयराज आचार्य नेशनल वाइस चेयर परसन थे. अध्यक्षता गिरीश पानेरी ने की. विशिष्ट अतिथि कमल जैन, हरि शंकर तिवारी, बाल कृष्ण धुत थे. चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष व सचिव भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता, स्वामी विवेकानंद व भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया. सुरेश पलोड ने राष्ट्र गीत वन्देमातरम् प्रस्तुत किया. अतिथियों का मेवाडी पाग पहना कर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया. स्वागत उदबोधन देवेंद्र सोमानी ने दिया. वर्ष 2023-24 का वार्षिक प्रतिवेदन नन्द लाल बोहरा ने प्रस्तुत किया. डा. जय राज आचार्य ने अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच, सचिव नन्द लाल बोहरा व कोषाध्यक्ष रमेश चन्द्र विजयवर्गीय को दायित्व ठाहण कराया. प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश पनेरी ने परिषद की कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ओम प्रकाश न्याती, अशोक शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य सुरेश पलोड, भगवती लाल सोमानी, सह सचिव नाना लाल चंदेल, रोशन लाल सेठ, महिला प्रमुख वंदना सोनी, विजय लक्ष्मी सोमानी, संगठन मंत्री राधे श्याम वैष्णव, संपर्क प्रमुख संपत लाल सुथार, समूह गान प्रतियोगिता प्रभारी बद्री लाल विजयवर्गीय, भारत को जाने प्रतियोगिता प्रभारी राजेंद्र काबरा, गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रभारी मुरली धर नामधर, चिकित्सा शिविर प्रभारी डा. सुरेंद्र सिंह देवल, दिव्यांग कल्याण प्रभारी अजय मुंडडा, विकास सप्ताह सुनीता भदादा, श्वेता गौड़, पर्यावरण प्रभारी निर्मल बाघमार, वन भ्रमण रामेश्वर लाल सोमानी, गौ सेवा प्रभारी गोपाल लाल सुथार को दायित्व ठाहण कराया. इस अवसर पर नवीन सदस्य राकेश व्यास, चंद्र प्रकाश सिरोया, राहुल जैन, घन श्याम विजयवर्गीय, गुलाब चंद पूर्बिया, राजेश विजयवर्गीय को कमल जैन ने दायित्व ग्रहण कराया। मंच पर जल कलश की पूजा कर जल संरक्षण पर प्रकाश डाला।

उपस्थित सभी सदस्य एवं मातृ शक्ति ने स्वीप कार्यक्रम के तहत् शत् प्रतिशत व निष्पक्ष मतदान की शपथ ली. नव अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने वार्षिक योजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि नगर कपासन मे परिषद के भवन हेतु भूमि के लिए प्रक्रिया को आगे बढ़ाएंगे तथा नगर में महाराणा प्रताप व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा की स्थापना की जायेगी. सभी का आभार व्यक्त किया. संचालन वैध मुरली मनोहर जोशी ने किया. समारोह को सफल बनाने में बादशाह सिंह, प्रभु लाल टेलर, ओम प्रकाश न्याती, महेंद्र मोहन दाधीच, भगवती लाल सोमानी, भेरू लाल पलोड दिलीप बारेगामा, मनीष इनानी सहित परिषद के सभी सदस्यों ने सहयोग किया।




**भारत विकास परिषद का हुआ दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।**

## लोक अदालत को लेकर बैठक

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में 11 मई को आयोजित होने वाली वर्ष की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर पदस्थापित न्यायिक अधिकारियों की व्यक्तिगत रूप से एवं तालुका मुख्यालय पर पदस्थापित न्यायिक अधिकारियों की वर्चुअल माध्यम से बैठक आयोजित हुई। उन्होंने राजीनामा के माध्यम से प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल ने जिले के न्यायिक अधिकारीगण को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में लोक अदालत के संबंध में प्राधिकरण द्वारा प्रेषित पत्र एवं निर्देशों के क्रम में और समय-समय पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन न्यायालय में सुनवाई के लिए नियत राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य काउंसलिंग करवाएं। पक्षकारों को नोटिस जारी कर काउंसलिंग के लिए तलब करे। साथ ही उन्होने चैक अनादरण से संबंधित 10 लाख तक की राषि के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारण करने के लिए संबंधिक अधिकारीग को निर्देश दिए। जिला प्राधिकरण सचिव वैष्णव ने लोक अदालत के संबंध में बताया कि लोक अदालत में रैफर प्रकरणों की संख्या बढाने सहित तालुका अध्यक्ष को अवगत कराया कि वे तालुकाओं पर स्थापित डिजिटल स्क्रीन पर प्राधिकरण द्वारा प्रेषित विडियो प्रसारित करने, पेम्पलेट वितरण के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए कार्यवाही करावे।

# चलता फिरता प्याऊ गर्मियों में लोगों की प्यास बुझाएगा




**शहर में चलित प्याऊ का हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते जिला कलक्टर।**

**डूंगरपुर, (निसं)।** गर्मी के मौसम में डूंगरपुर शहर में अपने काम से आने वाले लोगों की प्यास बुझाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने भामाशाह के सहयोग से एक पहल की है। सचिव कुलदीप सूत्रधार ने डूंगरपुर कोर्ट परिसर से चलते फिरते प्याऊ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर में ऐसे 4 प्याऊ घूमेंगे और लोगों की प्यास बुझाएंगे। प्याऊ पर लिखे मतदाता जागरूकता के बेनर के माध्यम से आमजन को मतदान के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप सूत्रधार ने बताया कि गर्मी का मौसम है। कई लोग शहर में विभिन्न कार्यों से आते हैं। गर्मी के मौसम में ऐसे लोगों की प्यास बुझाने के लिए भामाशाह और समाजसेवी हरीश मेहता के सहयोग से एक पहल की गई है। समाज सेवी हरीश मेहता के सहयोग से 4 चलित प्याऊ तैयार किए गए हैं। यह प्याऊ डूंगरपुर शहर में सार्वजनिक स्थानों पर जाएंगे। जहां पर चलित प्याऊ के माध्यम से लोगों को ठंडा और शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। जिससे लोगों की प्यास बुझेगी। समाज सेवी हरीश मेहता ने बताया की फिलहाल शहर में चलित प्याऊ की शुरुआत की गई है। वही इसके बाद शहर में जिन क्षेत्रों में पेयजल संकट होगा। वहा पर उनके माध्यम से नि:शुल्क पानी के टैंकर से जल की आपूर्ति भी की जाएगी। चलित प्याऊ पर मतदाता जागरूकता को लेकर बैनर भी लगाये गए है। जिससे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। समाजसेवी हरीश मेहता की ओर से गर्मी के मौसम में हर साल प्याऊ व पानी के टैंकर की व्यवस्था नि:शुल्क की जाती है।